भारत सरकार

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 793

उत्तर देने की तारीख 26 जुलाई, 2021

04 श्रावण, 1943 (शक)

युवाओं के लिए रोजगार

793. श्री राम नाथ ठाकुर :

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि कोविड-19 महामारी के दौरान देश के युवाओं ने जन सेवा में बढ़-चढ़कर कार्य किया है;

(ख) क्या युवाओं द्वारा किए गए कार्यों को ध्यान में रखते हुए सरकार की उनके लिए कोई कार्य योजना है;

(ग) बेरोजगारी की मूल समस्या को दूर करने के लिए रोजगार सृजन हेतु क्रियान्वित की जा रही योजनाओं का ब्यौरा क्या है; और

(घ) सरकार द्वारा "आत्मनिर्भर भारत" योजना के अंतर्गत उन युवाओं को अधिकतम लाभ प्रदान करने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

उत्तर

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री

(श्री अनुराग सिंह ठाकुर)

(क) से (घ) : जी हां । कोविड वैश्विक महामारी के दौरान नेहरू युवा केंद्र संगठन (एनवाईकेएस) और राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) ने अपने 75 लाख युवा स्वयंसेवकों की सहायता से इस महामारी के संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए जागरूकता बढ़ाने और सूचना-संदेश के प्रचार-प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई । इस संबंध में विभिन्न कार्यकलापों को निष्पादित किया गया जैसे लोगों को मास्क पहनने और घर में मास्क बनाने के लिए प्रेरित करना, सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करना, हाथ धोना, स्वच्छता और साफ सफाई रखना, बीमारी को अभिशाप नहीं समझना, मिथकों और भ्रांतियों को दूर करना, इम्यूनिटी बढ़ाने के संबंध में आयुष के कार्यक्रमों को बढ़ावा देना, प्रशासन के सहयोग से लोगों को कोविड-19 की टेस्टिंग कराने और आरोग्य सेतु ऐप डाउनलोड करने तथा प्रयोग करने के लिए प्रेरित करना, कंट्रोल रूम बनाने में जिला प्रशासन को सहायता, जरूरतमंदों, लाभवंचित, वृद्ध व्यक्तियों, प्रवासी मजदूरों और अन्य कमजोर वर्गों को राहत कार्यों में सहायता और मदद करना, कोविड-19 के मरीजों की जांच के लिए चिकित्सा शिविर, मार्किट स्थानों पर दूरी बनाए रखने के लिए निशान लगाना । युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय युवाओं के व्यक्तित्व का विकास करने और उन्हें राष्ट्र निर्माण के कार्यों में सहभागी बनाने

के लिए विभिन्न युवा केंद्रित कार्यकलापों को निष्पादित करता है । हमारे स्वयंसेवक सरकार की विभिन्न रोजगार स्कीमों को लोकप्रिय बनाने के लिए प्रचार अभियान चलाते हैं ।

युवा कार्यक्रम विभाग का नेहरू युवा केंद्र संगठन (एनवाईकेएस) देशभर में अपने जिला नेहरू युवा केंद्रों के माध्यम से देश में आत्मनिर्भर भारत अभियान कार्यक्रम का प्रचार-प्रसार कर रहा है । इस प्रचार अभियान में राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक, युवा क्लबों के सदस्य, कोविड स्वयंसेवक और अन्य हितधारक शामिल हैं । इस प्रचार अभियान को सोशल मीडिया के जरिए वाट्सएप ग्रुप, वॉल राइटिंग, पीडीएफ शेयर करके, वोकल फॉर लोकल स्लोगन, वीडियो, दस्तावेजों आदि के माध्यम से निष्पादित किया जाता है ।

****